# बिहार इलेक्शन वॉच के 10 वर्ष – चुनाव में "अपराधीकरण और धनबल" के बढ़ते प्रभाव पर एक व्यापक रिपोर्ट

## रिपोर्ट के मुख्य अंश

बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफोर्म्स द्वारा किये गये 10 वर्षीय विश्लेशषण में उभरकर आने वाले मुख्य अंश–

- **विश्लेषित कुल उम्मीदवारः–** वर्ष 2004 से अब तक कुल 5314 उम्मीदवारों का विश्लेषिण किया गया जिन्होने लोकसभा, विधानसभा और विधानपरिषद के लिए चुनाव लड़ा।
- **विश्लेषित कुल सांसद/विधायकः–** वर्ष 2004 से अब तक कुल 620 सांसद/विधायकों का विश्लेषण किया गया जिन्होने लोकसभा और विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा।

## आपराधिक पृष्ठभूमि

- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलेः–** 5314 में से 1717 (32 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलेः–** 5314 में से 1041 (20 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामलेः–** वर्ष 2004 से अब तक 620 में से 321 (52 प्रतिशत) सांसद/विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 187 (30 प्रतिशत) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।

## वित्तीय पृष्ठभूमि

- **उम्मीदवारों की औसतन संपत्तिः–** वर्ष 2004 से अब तक सभी 5314 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 1.13 करोड़ है।
- **सांसद/विधायकों की औसतन संपत्तिः–** वर्ष 2004 से अब तक सभी सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 2.46 करोड़ है।

- **आपराधिक मामलें घोषित करने वाले सांसद/विधायकों को औसतन संपत्तिः–** वर्ष 2004 से अब तक आपराधिक मामले घोषित करने वाले सभी 321 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 1.82 करोड़ और 187 गंभीर आपराधिक मामले घोषित करने वालों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 1.39 करोड़ है।

| | विश्लेषित कुल उम्मीदवार | विश्लेषित कुल सांसद/विधायक | आपराधिक मामलों वाले सांसद/विधायक | गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसद/विधायक |
|---|---|---|---|---|
| कुल | 5314 | 620 | 321 | 187 |
| औसतन संपत्ति | Rs. 1.13 crores | Rs. 2.46 crores | Rs. 1.82 crores | Rs. 1.39 crores |

तालिका– उम्मीदवार और औसतन संपत्ति

## वर्ष 2004 से अब तक दलवार आधारित विश्लेषणः

## आपराधिक पृष्ठभूमि

- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले–दलवारः–** कांग्रेस के 327 में से 133 (41 प्रतिशत), भाजपा के 275 में से 148 (54 प्रतिशत), जे.डी.यू के 379 में से 173 (46 प्रतिशत), आर.जे.डी के 404 में से 206 (51 प्रतिशत), एल.जे.पी के 285 में से 132 (46 प्रतिशत) और निर्दलीय 1512 में से 329 (22 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले–दलवारः–** कांग्रेस के 327 में से 70 (21 प्रतिशत), भाजपा के 275 में से 72 (26 प्रतिशत), जे.डी.यू के 379 में से 108 (28 प्रतिशत), आर.जे.डी के 404 में से 119 (29 प्रतिशत), एल.जे.पी के 285 में से 81 (28 प्रतिशत) और निर्दलीय 1512 में से 202 (13 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने गंभीर ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामले–दलवारः–** कांग्रेस के 22 में से 10 (45 प्रतिशत), भाजपा के 190 में से 110 (58 प्रतिशत), जे.डी.यू के 238 में से 103 (43 प्रतिशत), आर.जे.डी के 105 में से 54 (51 प्रतिशत), एल.जे.पी के 19 में से 15 (79 प्रतिशत) और निर्दलीय 19 में से 14 (74 प्रतिशत) सांसद/विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।

- **सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले–दलवार:–** कांग्रेस के 22 में से 6 (27 प्रतिशत), भाजपा के 190 में से 52 (27 प्रतिशत), जे.डी.यू के 238 में से 64 (27 प्रतिशत), आर.जे.डी के 105 में से 34 (32 प्रतिशत), एल.जे.पी के 19 में से 12 (63 प्रतिशत) और निर्दलीय 19 में से 8 (42 प्रतिशत) सांसद/विधायकों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।

## वित्तीय पृष्ठभूमि

- **उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति–दलवार:–** कांग्रेस के 327 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 1.51 करोड़, भाजपा के 275 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 5.51 करोड़, जे.डी.यू के 379 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 5.50 करोड़, आर.जे.डी के 404 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 94.66 लाख़, एल.जे.पी के 285 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 50.99 लाख और निर्दलीय 1512 उम्मीदवारों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 35.75 लाख है।
- **सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति–दलवार:–** कांग्रेस के 22 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 3.10 करोड़, भाजपा के 190 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 2.36 करोड़, जे.डी.यू के 238 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 3.62 करोड़, आर.जे.डी के 105 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 90.02 लाख, एल.जे.पी के 285 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 1.07 करोड़ और निर्दलीय 19 सांसद/विधायकों की प्रति औसतन संपत्ति ₹ 60 लाख है।

नीचे की तालिका में आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों की दलवार सूची दी गई है–

| दल | विश्लेषित किये गये उम्मीदवारों की संख्या | उम्मीदवारो द्वारा घोषित आपराधिक मामले | उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | उम्मीदवारो द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | उम्मीदवारो द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | विश्लेषित किये गये सांसद/विधायकों की संख्या | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामले | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | उम्मीदवारों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) | आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) | आपराधिक मामलों वाले सांसद/विधायकों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSP | 533 | 159 | 30% | 101 | 19% | 4 | 2 | 50% | 1 | 25% | 34.07 lakhs | 9.26 lakhs | 14.72 lakhs | 18.76 lakhs |
| RJD | 404 | 206 | 51% | 119 | 29% | 105 | 54 | 51% | 34 | 32% | 94.66 lakhs | 90.02 lakhs | 1.11 crores | 1.43 crores |
| JD(U) | 379 | 173 | 46% | 108 | 28% | 238 | 102 | 43% | 64 | 27% | 5.50 crores | 3.62 crores | 90.30 lakhs | 92.48 lakhs |
| INC | 327 | 133 | 41% | 70 | 21% | 22 | 10 | 45% | 6 | 27% | 1.51 crores | 3.10 crores | 4.36 crores | 5.61 crores |
| LJP | 285 | 132 | 46% | 81 | 28% | 19 | 14 | 74% | 11 | 58% | 50.99 lakhs | 1.07 crores | 1.09 crores | 65.65 lakhs |
| BJP | 275 | 148 | 54% | 72 | 26% | 190 | 110 | 58% | 52 | 27% | 5.51 crores | 2.36 crores | 3.14 crores | 1.67 crores |
| SP | 148 | 34 | 23% | 22 | 15% | 2 | 2 | 100% | 1 | 50% | 1.13 crores | 26.10 lakhs | 26.10 lakhs | 14.36 lakhs |
| NCP | 138 | 43 | 31% | 19 | 14% | 2 | 2 | 100% | 1 | 50% | 38.12 lakhs | 5.26 crores | 5.26 crores | 10.46 crores |
| CPI | 93 | 35 | 38% | 19 | 20% | 4 | 3 | 75% | 1 | 25% | 14.77 lakhs | 17.74 lakhs | 22.46 lakhs | 25.53 lakhs |
| JMM | 42 | 5 | 12% | 2 | 5% | 1 | 0 | 0% | 0 | 0% | 1.13 crores | 11.91 lakhs | NA | NA |
| RLSP | 4 | 2 | 50% | 2 | 50% | 3 | 2 | 67% | 2 | 67% | 2.22 crores | 2.43 crores | 3.18 crores | 3.18 crores |
| IND | 1512 | 329 | 22% | 202 | 13% | 19 | 13 | 68% | 8 | 42% | 35.75 lakhs | 64 lakhs | 61.87 lakhs | 66.78 lakhs |
| Others | 1174 | 318 | 27% | 224 | 19% | 11 | 7 | 64% | 6 | 55% | 33.22 lakhs | 25.27 lakhs | 18.09 lakhs | 21.02 lakhs |
| **Total** | **5314** | **1717** | 32% | **1041** | 20% | **620** | **321** | **52%** | **187** | 30% | **1.13 crores** | **2.46 crores** | **1.82 crores** | **1.39 crores** |

तालिका– उम्मीदवार और घोषित आपराधिक मामले–दलवार

## आपराधिक मामलों के साथ उम्मीदवारों के जीतने की संभावना:

:

$$\text{आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के जीतने की संभावना} = \frac{\text{आपराधिक मामलों वाले विजेता}}{\text{आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार}}$$

$$\text{स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों के जीतने की संभावना} = \frac{\text{स्वच्छ छवि वाले विजेता}}{\text{स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार}}$$

- **स्वच्छ छवि वाले कुल उम्मीदवार:–** वर्ष 2004 से अब तक 5314 में से 3597 (68 प्रतिशत) उम्मीदवार स्वच्छ छवि वाली पृष्ठभूमि से है जबकि 1717 ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **स्वच्छ छवि वाले कुल सांसद/विधायक:–** वर्ष 2004 से अब तक 620 में से 299 (48 प्रतिशत) सांसद/विधायक स्वच्छ छवि वाली पृष्ठभूमि से है जबकि 321 ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **स्वच्छ छवि के आधार पर चुनाव जीतने की संभावना:–** स्वच्छ छवि के आधार पर चुनाव जीतने की सिर्फ 8 प्रतिशत संभावना है।
- **आपराधिक मामलों के साथ चुनाव जीतने की संभावना:–** आपराधिक मामलों के साथ चुनाव जीतने की 19 प्रतिशत संभावना है।

नीचे की तालिका में आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों की दलवार सूची दी गई है–

| दल | विश्लेषित किये गये उम्मीदवारों की संख्या | उम्मीदवारो द्वारा घोषित आपराधिक मामले | उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलें | विश्लेषित किये गये सांसद/विधायकों की संख्या | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामले | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों की संख्या | स्वच्छ छवि वाले सांसद/विधायकों की संख्या | स्व्च्छ छवि के आधार पर जीतने की संभावना (प्रतिशत) | आपराधिक मामलों के आधार पर जीतने की संभावना (प्रतिशत) | गंभीर आपराधिक मामलों के आधार पर जीतने की संभावना (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSP | 533 | 159 | 101 | 4 | 2 | 1 | 374 | 2 | 1% | 1% | 1% |
| RJD | 404 | 206 | 119 | 105 | 54 | 34 | 198 | 51 | 26% | 26% | 29% |
| JD(U) | 379 | 173 | 108 | 238 | 102 | 64 | 206 | 136 | 66% | 59% | 59% |
| INC | 327 | 133 | 70 | 22 | 10 | 6 | 194 | 12 | 6% | 8% | 9% |
| LJP | 285 | 132 | 81 | 19 | 14 | 11 | 153 | 5 | 3% | 11% | 14% |
| BJP | 275 | 148 | 72 | 190 | 110 | 52 | 127 | 80 | 63% | 74% | 72% |
| SP | 148 | 34 | 22 | 2 | 2 | 1 | 114 | 0 | 0% | 6% | 5% |
| NCP | 138 | 43 | 19 | 2 | 2 | 1 | 95 | 0 | 0% | 5% | 5% |
| CPI | 93 | 35 | 19 | 4 | 3 | 1 | 58 | 1 | 2% | 9% | 5% |
| JMM | 42 | 5 | 2 | 1 | 0 | 0 | 37 | 1 | 3% | 0% | 0% |
| RLSP | 4 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 1 | 50% | 100% | 100% |
| IND | 1512 | 329 | 202 | 19 | 13 | 8 | 1183 | 6 | 1% | 4% | 4% |
| Others | 1174 | 318 | 224 | 11 | 7 | 6 | 855 | 4 | 0% | 2% | 3% |
| **Grand total** | **5314** | **1717** | **1041** | **620** | **321** | **187** | **3596** | **299** | **8%** | **19%** | **18%** |

तालिका– स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों और आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के बीच तुलना–दलवार

## आपराधिक मामलों + शैक्षिक योग्यता के बीच सम्बन्ध:

- **स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्यता + आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार :–** वर्ष 2004 से अब तक 5314 में से 2446 (46 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की। स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्याता वाले 2446 में से 816 (33 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 2446 में से 454 (19 प्रतिशत) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये।
- **12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्यता + आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार :–** वर्ष 2004 से अब तक 5314 में से 2868 (53 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 12वीं और इससे कम घोषित की। 12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्याता वाले 2868 में से 901 (31 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 2868 में से 587 (20 प्रतिशत) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये।
- **स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्यता + आपराधिक मामले घोषित करने वाले सांसद/विधायक :–** वर्ष 2004 से अब तक 620 में से 368 (59 प्रतिशत) सांसद/विधायक ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की। स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्याता वाले 368 में से 180 (49 प्रतिशत) सांसद/विधायक ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 368 में से 100 (27 प्रतिशत) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये।
- **12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्यता + आपराधिक मामले घोषित करने वाले सांसद/विधायक :–** वर्ष 2004 से अब तक 620 में से 252 (41 प्रतिशत) सांसद/विधायक ने अपनी शैक्षिक योग्यता 12वीं और इससे कम घोषित की। 12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्याता वाले 252 में से 141 (56 प्रतिशत) सांसद/विधायक ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 252 में से 87 (35 प्रतिशत) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये।

## वित्तीय + शक्षिक योग्यता के बीच सम्बन्धः

- **स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्यता घोषित करने वाले उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित करने वाले उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 1.88 करोड़ है।
- **12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्यता घोषित करने वाले उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक शैक्षिक योग्यता 12वीं और इससे कम घोषित करने वाले उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 49.74 लाख है।
- **स्नातक और इससे ज़्यादा शैक्षिक योग्यता घोषित करने वाले सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित करने वाले सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति ₹ 3.60 करोड़ है।
- **12वीं और इससे कम शैक्षिक योग्यता घोषित करने वाले सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक शैक्षिक योग्यता 12वीं और इससे कम घोषित करने वाले सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति ₹ 80.28 लाख है।

| शैक्षिक योग्यता | विश्लेषित किये गये उम्मीदवारो की संख्या | विश्लेषित किये गये सांसद/विधायको की संख्या | उम्मीदवारो द्वारा घोषित आपराधिक मामलें | उम्मीदवारो द्वारा घोषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | उम्मीदवारा द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | उम्मीदवारा द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | सांसद/विधायको द्वारा घोषित आपराधिक मामले | सांसद/विधायको द्वारा घाषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | सांसद/विधायको द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | सांसद/विधायको द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | उम्मीदवारों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) | सांसद/विधायको द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Graduate | 2446 | 368 | 816 | 33% | 454 | 19% | 180 | 55% | 100 | 30% | 1,88,38,200 | 3,60,86,137 |
| Non Graduate | 2868 | 252 | 901 | 31% | 587 | 20% | 141 | 56% | 87 | 35% | 49,74,974 | 80,28,901 |
| **Grand Total** | **5314** | **620** | **1717** | 32% | **1041** | 20% | **321** | **52%** | **187** | **30%** | **1,13,56,128** | 2,46,82,228 |

तालिका– आपराधिक मामले घोषित करने वाले स्नातक और 12वीं पास उम्मीदवार

## लिंग पर आधारित विश्लेषण:

- **महिला उम्मीदवार :–** वर्ष 2004 से अब तक 5314 में से सिर्फ 390 (7 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। 390 में से 70 (18 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों ने चुनाव जीता।
- **आपराधिक मामले घोषित करने वाली महिला उम्मीदवार :–** वर्ष 2004 से अब तक 390 में से 89 (23 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 44 (11 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **आपराधिक मामले घोषित करने वाली महिला विधायक :–** वर्ष 2004 से अब तक 70 में से 21 (30 प्रतिशत) महिला विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 8 (11 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।
- **महिला/पुरूष उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक पुरूष उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 1.15 करोड़ और महिला उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 93.28 लाख है।
- **महिला/पुरूष सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति :–** वर्ष 2004 से अब तक पुरूष सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति ₹ 2.57 करोड़ और महिला सांसद/विधायकों की औसतन संपत्ति ₹ 1.61 करोड़ है।

| लिंग | विश्लेषित किये गये उम्मीदवारों की संख्या | विश्लेषित किये गये सांसद/विधायकों की संख्या | उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलें | उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | उम्मीदवारो द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | उम्मीदवारो द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामले | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित आपराधिक मामलें (प्रतिशत) | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले (प्रतिशत) | उम्मीदवारों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) | सांसद/विधायकों द्वारा घोषित औसतन संपत्ति (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Male | 4924 | 550 | 1628 | 33% | 997 | 20% | 300 | 55% | 179 | 33% | 1,15,16,749 | 2,57,68,115 |
| Female | 390 | 70 | 89 | 23% | 44 | 11% | 21 | 30% | 8 | 11% | 93,28,187 | 1,61,50,258 |
| **Grand Total** | **5314** | **620** | **1717** | 32% | 1041 | 20% | **321** | 52% | **187** | 30% | **1,13,56,128** | 2,46,82,228 |

तालिका– लिंग पर अधारित विश्लेषण: आपराधिक मामले और संपत्ति

## सम्पर्क:

## बिहार इलेक्शन वॉच

**राजीव कुमार**
+91-9631976889

rajivkumar_patna@rediffmail.com

## नेशनल इलेक्शन वॉच/एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

| नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | ई–मेल |
|---|---|---|---|
| मीडिया और पत्रकार हैल्पलाईन | | + 91 80103 94248 | adr@adrindia.org |
| मेजर जनरल श्री अनिल वर्मा (रिटार्यड) | हेड/नेशनल कोर्डिनेटर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 88264 79910 | anilverma@adrindia.org |
| प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री आई.आई.एम बैंगलोर | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 94483 53285 | trilochans@iimb.ernet.in |
| प्रोफेसर जगदीप छोकर सेवानिवृत्त आई.आई.एम अहमदाबाद, | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 99996 20944 | jchhokar@gmail.com |